अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध

3/संख्या:- 3052/नौ-4-13-29ज/2008

प्रेषक,

सी0बी0पालीवाल,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- निदेशक,
नगर निकाय, निदेशालय
उ0प्र0 लखनऊ।

2- समस्त नगर आयुक्त,
नगर निगम, उ.प्र.।

नगर विकास अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 01 अक्टूबर, 2013

विषयः- राजकीय सेवाओं में विकलांगजन के चिन्हित रिक्त पदों के बैकलाग को विशेष भर्ती अभियान चलाकर पूरा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-12/969/65-3-2013-4(रिट)/ 2009, दिनांक-16.09.2013 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में राजकीय सेवाओं में विकलांगजन में चिन्हित रिक्त पदों के बैकलाग को विशेष भर्ती अभियान चलाकर उक्त पदों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर भरे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये पूर्ण अनुपालन आख्या एक माह के भीतर शासन को उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें। यदि निर्धारित अवधि में अनुपालन आख्या प्राप्त नहीं होती है, तो विलम्ब हेतु उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी का दायित्व निर्धारित कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

सलंग्नकः- यथोक्त।

भवदीय,

(सी0बी0पालीवाल)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैवः-

प्रतिलिपि विकलांग कल्याण अनुभाग-3 के पत्र संख्या-12/969/65-3-2013-4(रिट)/ 2009, दिनांक-16.09.2013 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(उमाशंकर सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/